तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 5 मई 2025




12 जलवायु परिवर्तन पर सैनिक स्कूल में वाद-विवाद



12 नीट यूजी परीक्षा में बैठे 98.4 फीसदी परीक्षार्थी

## खबर संक्षेप

### आश्रम एक्सप्रेस में महिला का बैग चोरी

**रेवाड़ी।** आश्रम एक्सप्रेस से दिल्ली जा रही एक महिला डॉक्टर का बैग चोरी हो गया। जीआरपी दिल्ली को दर्ज शिकायत में गुजरात की रहने वाली डा. गंगा आर हदीमनी ने बताया कि वह अपने पति राजेश के साथ आश्रम एक्सप्रेस में साबरमति से दिल्ली जा रही थी। रेवाड़ी स्टेशन के आसपास उसका बैग चोरी हो गया। बैग में 3500 रुपये, आई-फोन व उसके आवश्यक दस्तावेज थे। ट्रेस करने पर मोबाइल की लोकेशन रेवाड़ी के आसपास पाई गई। जीआरपी ने दिल्ली से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

### विवाहिता के उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने गत वर्ष दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। सुलहनामा नहीं होने के कारण पुलिस ने 18 अगस्त 2024 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के सीमा खोह निवासी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे तफ्तीश में शामिल करते हुए पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### टैंपो की टक्कर लगने से स्कूटी सवार घायल

**रेवाड़ी।** पुलिस लाइन के पास टैंपो की टक्कर से स्कूटी सवार दंपति घायल हो गए। हांसाका निवासी भूपेंद्र कुमार अपनी पत्नी सुनीता को लेकर स्कूटी से रेवाड़ी आ रहा था। जब वह रोहतक रोड फ्लाईओवर के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे एक टैंपो ने स्कूटी को टक्कर मार दी। वह और उसकी पत्नी काफी दूर तक टैंपो के साथ घिसटते रहे। आसपास के लोगों ने टैंपो रुकवाकर दोनों को अस्पताल पहुंचाया।

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए दो वाहन चालकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रोहड़ाई पुलिस ने सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत होने के बाद 23 अप्रैल को स्कूटी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने टहना दीपालपुर निवासी विकास को गिरफ्तार करने के बाद स्कूटी को कब्जे में ले लिया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 23 अप्रैल को हुए हादसे में आरोपी टैंपो चालक गुरूग्राम के नानूकलां निवासी जयभगवान को टैंपो सहित गिरफ्तार कर लिया। दोनों को बेल पर रिहा कर दिया गया।

### महिला का बैग चोरी होने का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** हावड़ा एक्सप्रेस में बाड़मेर से दिल्ली जा रही एक महिला का बैग रेलवे स्टेशन के पास चोरी हो गया। कोलकाता की रहने वाली मानसी चांडक ने शिकायत में बताया कि वह एसएफ एक्सप्रेस ट्रेन से हावड़ा से दिल्ली जा रही थी। रेवाड़ी स्टेशन के आसपास उसका हैंडबैग चोरी हो गया। बैग में मोबाइल फोन, 10 हजार रुपये व अन्य कई दस्तावेज थे। उसकी शिकायत पर दिल्ली जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज करके भेजी है।

### मारपीट व धमकी देने के दो आरोपी किए काबू

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने काकोड़ियि में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर गत 25 अप्रैल को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने काकोड़ियि निवासी निखिल व जाट भूरथल निवासी चेतन को गिरफ्तार कर लिया।

---

*फसल कटाई के तुरंत बाद कृषि भूमि पर प्लॉट काटने का खेल बड़े स्तर पर शुरू*

# अब पेड़ों की छांव तले प्रॉपर्टी का खेल, बिना रोड नेटवर्क बनाए बेचे जा रहे हैं प्लॉट

**नया गांव से लेकर रामपुरा के आसपास बड़ी संख्या में प्लॉटिंग, डीटीपी की तोड़-फोड़ की कार्रवाई के बावजूद नहीं लग रही रोक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फसल कटाई के तुरंत बाद कृषि भूमि पर प्लॉट काटने का खेल बड़े स्तर पर शुरू हो चुका है। डीटीपी की कार्रवाई को देखते हुए प्रॉपर्टी डीलरों ने ऑफिस बनाकर प्लॉटिंग करने की बजाय पेड़ों की छांव में कुर्सियां डालकर प्लाट बेचने का नया तरीका अपना लिया है। कार्रवाई से बचने के लिए रोड नेटवर्क व डीपीसी तैयार कराने से भी बचा जा रहा है। नया गांव व रामपुरा के आसपास काफी जमीन पर प्लॉटिंग की जा रही है, परंतु निर्माण नहीं होने के कारण ऐसी जमीनों पर एक्शन लेना भी संभव नहीं है।

- डीटीपी की कार्रवाई धारूहेड़ा से लेकर बावल व कोसली तक
- प्रॉपर्टी डीलर प्लॉट बेचने के लिए पहले कच्चा रोड नेटवर्क तैयार कराकर डीपीसी भरवाने का कार्य करते थे

दूसरी ओर डीटीपी की तोड़फोड़ के बाद फिर से निर्माण करने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जा रही है। गत दिनों सीएम नायब सिंह सैनी ने आदेश जारी किए थे कि बिना अनुमति अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाए। सरकार के कड़े रुख को देखते हुए डीटीपी की ओर से बिना अनुमति निर्माण करने वाले लोगों पर शिकंजा कसा हुआ है। अप्रैल माह के दौरान डीटीपी की जेसीबी ने लगभग एक दर्जन कॉलोनियों से लेकर फार्म हाउस तक को जमींदोंज करने का काम किया है। डीटीपी की कार्रवाई धारूहेड़ा से लेकर बावल व कोसली तक चली है। अभी तक प्रॉपर्टी डीलर प्लॉट बेचने के लिए पहले कच्चा रोड नेटवर्क तैयार कराकर डीपीसी भरवाने का कार्य करते थे। इससे लोगों को जल्द कॉलोनी नियमित होने का झांसा दिया जाता था। कई प्रॉपर्टी डीलर संबंधित जमीन में अपने आलीशान ऑफिस तक तैयार करते थे। इन डीलरों के ऑफिस टूटने के बाद प्लॉट बेचने का तरीका पूरी तरह से बदल दिया गया है। अब प्रॉपर्टी डीलर संबंधित जमीन पर पेड़ों की छांव तेले कुर्सी-मेज लगाकर बैठते हैं। जमीन को मापकर खरीददारों को बेचा जा रहा है। डीपीसी व रोड तैयार करने से बचा जा रहा है, ताकि उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं हो।





रेवाड़ी। प्लॉट बेचने के लिए साइट पर डाली हुई कुर्सियां व बावल रोड पर अस्थाई दीवार से की जा रही प्लॉटिंग। फोटो: हरिभूमि

## प्रभावशाली लोगों की धूम

*जानकार सूत्रों के अनुसार इस समय आम प्रॉपर्टी डीलर जहां मंदी की मार का सामना कर रहे हैं, वहीं प्रभावशाली और नेताओं के करीबी डीलर जबरदस्त तरीके से प्लॉटिंग का धंधा चमका रहे हैं। सफेदपोश नेताओं के इशारों पर शहर के आसपास बड़ी संख्या में कृषि भूमि पर प्लॉट काटकर बेचे जा रहे हैं। इन प्रभावशाली लोगों ने तो रोड नेटवर्क तक तैयार किया हुआ है, परंतु इन लोगों पर हाथ डालने की हिम्मत अधिकारी नहीं डाल पा रहे हैं। जगह-जगह बड़ी संख्या में प्लॉट बेचे जा रहे हैं, जिन पर रोक लगा पाना आसान नहीं है।*

### बावल में रजिस्ट्रियों ने बढ़ाई परेशानी

बावल तहसील में अभी तक रजिस्ट्रियों पर रोक नहीं थी। सेक्शन-7ए लागू नहीं होने के कारण वहां बड़ी संख्या में प्लॉटिंग का खेल चलता रहा है। डीटीपी की ओर से सेक्शन-7ए लागू कराने और रजिस्ट्रियों पर रोक लगवाने के लिए निदेशालय को पत्र लिखा हुआ है। डीसी अभिषेक मीणा के निर्देश पर इस समय बावल में रजिस्ट्रियों पर रोक लगाई गई है।



नारनौल रोड पर एक बार तोड़ने के बाद फिर से बनाई गई दुकानें।

### एक बार तोड़ते ही तुरंत निर्माण शुरू

कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों को इस बात का पता है कि उनके निर्माण कभी भी तोड़े जा सकते हैं। यही कारण है कि शातिर दिमाग लोग पहले मिट्टी की चिनाई से निर्माण कराते हैं। एक बार डीटीपी की ओर से निर्माण तोड़ने के बाद जल्द ही फिर से निर्माण शुरू करा दिया जाता है। एक ही स्थान पर बार-बार तोड़फोड़ की कार्रवाई आसान नहीं होती। अब डीटीपी की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है, जिन्होंने तोड़फोड़ के बाद फिर से निर्माण करने शुरू कर दिए हैं।

### रोड नेटवर्क तैयार करने से बच रहे

प्लॉटिंग करने वाले लोग तोड़फोड़ से बचने के लिए अब प्रीकास्ट प्लॉट काटकर बेच रहे हैं। निर्माण करने वाले लोगों को रोकना आसान नहीं है, परंतु अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस माह भी लगभग एक दर्जन अवैध कॉलोनियों को तोड़ने की प्लानिंग है। किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनियां विकसित नहीं होने दी जाएंगी। **मंदीप सिंह सिहाग, डीटीपी।**

---

## कंफेक्शनरी पर पिलाई जा रही थी शराब, दुकानदार को किया गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रेलवे चौक के पास एक कंफेक्शनरी शॉप पर अवैध रूप से शराब पिलाने के आरोप में संचालक को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार रेलवे चौक पर शराब ठेके के पास एक कंफेक्शनरी शॉप पर अवैध अहाता चलाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तो कंफेक्शनरी के अंदर कुर्सी-मेज डले हुए थे। इन पर बैठकर लोग शराब पी रहे थे। संचालक मेहरवाड़ा मोहल्ला निवासी शशिकांत सैनी लोगों को शराब पिलाने का काम कर रहा था। पुलिस ने उसे काबू करते हुए लाइसेंस दिखाने को कहा, तो उसने अहाते का लाइसेंस होने से इनकार कर दिया। पुलिस ने शराब पिलाने की वीडियोग्राफी करते हुए शशिकांत को गिरफ्तार कर लिया।

## भाजपा संगठन को लगातार मजबूत बना रही वंदना, प्रदेशाध्यक्ष बडोली ने थपथपाई पीठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी बूथों पर कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित कराने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने जिलाध्यक्ष वंदना पोपली को पंचकूला में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया।

27 अप्रैल को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम पूरे प्रदेश में जिले के प्रत्येक बूथ पर देखा एवं सुना गया। पंचकूला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली व संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आयोजित एक बैठक में प्रदेश के पदाधिकारियो एवं प्रदेश के जिलों के अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्षों के समक्ष सम्मानित किया। बडोली ने कहा कि जिला रेवाड़ी के 792 बूथ हैं और उन पर शत प्रतिशत हाजिरी होना गर्व की बात है। सरकार कि नीतियों एवं लाभकारी योजनाओं को प्रत्येक जन तक पहुंचने का काम बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ का होता है।



रेवाड़ी। वंदना पोपली को सम्मानित करते हुए मोहनलाल बडोली।

### संगठन से मिला लक्ष्य हर हाल में होगा पूरा

वंदना पोपली ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जिस सोच और जिस विश्वास से मुझे जिले की कमान दी है, संगठन को मजबूत करने का जो लक्ष्य प्रदेश ने दिया है, उस लक्ष्य को हर हाल में जी जान से अपने कार्यकर्ताओ के साथ हासिल करेंगे। इसकी शुरूआत विधानसभा चुनाव में भाजपा की पताका लहरा के कर दी गई है।

### कार्यकर्ताओं का सम्मान

भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने जिलें के इस सम्मान को बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ का सम्मान बताते हुए कहा कि यह सब संभव कार्यकर्ताओ के सहयोग से हुआ। भाजपा संगठन विश्व का सबसे बड़ा और सबसे मजबूत संगठन है। जिला रेवाड़ी के बूथ के कार्यकर्ताओ ने अपनी मजबूती प्रधानमंत्री जी के मन की बात को सफल बना कर एक बार फिर दिखा दी। जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया हम सभी को और अधिक मजबूती से कार्य करना है।

## पैसों के लेन-देन को लेकर फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार

- रात के समय घर पर आकर की फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ऊंचा गांव में पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद ने एक व्यक्ति ने लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग कर दी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस शिकायत में मुकेश देवी ने बताया कि उसके पड़ोसी प्रदीप कुमार व एक अन्य महिला अनिता ने 15 हजार रुपये उधार लिए थे। अनीता ने प्रदीप को बताया था कि उसने मुकेश को पैसे उधार दिए हुए हैं। मुकेश देवी ने आरोप लगाया कि प्रदीप ने उससे पैसों की मांग करते हुए झगड़ा कर दिया, जबकि वह उससे कोई पैसा नहीं मांगता था। रात को जब उसका पति ट्रैक्टर लेकर बाहर गया हुआ था, तो प्रदीप ने उसके घर पर आकर पैसे मांगते हुए झगड़ा करना शुरू कर दिया। इसके बाद प्रदीप ने उसके घर पर चार फायर किए और वह धमकी देकर वहां से भाग गया। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जाकर सीन ऑफ क्राइम टीम को भी बुला लिया। फायरिंग की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी प्रदीप के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले एमबीए के विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के प्रबंधन विभाग में एमबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 के लिए मैनेजमेंट क्लब में उत्कृष्ट कार्यो के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

पंजाब सिंध बैंक के पूर्व निदेशक व प्रोफेसर इन प्रैक्टिस डॉ. रामजस यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की आप भविष्य में अनेक संस्थाओं में उच्च प्रबंधकीय पदों पर कार्यरत होंगे, आपको हमेशा एक अच्छे इंसान के रूप में कार्य करना है। क्लास रिप्रेजेंटेटिव पूजा यादव, मैनेजमेंट क्लब के प्रेसिडेंट मयंक बंसल, प्रेस सेक्रेटरी जय प्रकाश, स्पॉन्सरशिप सेकेट्री संजना, आर्ट सेक्रेट्री पूजा को सम्मानित किया गया। शिक्षक डॉ. ऋतु बजाज, डॉ. भारती, सुशांत यादव सहित शोधार्थी अर्जुन सिंह यादव, पूजा यादव, पूजा शर्मा, नीतू, ज्योति, सुरभि ने सभी छात्रों को शुभकामनाएँ दी।



रेवाड़ी। सम्मानित किए गए विद्यार्थी स्टाफ के साथ।

## बादल छाने से मिली राहत, उमस भरी गर्मी का असर कम

- सप्ताह के अंत तक मौसम इसी तरह का बना रहने के आसार
- विक्षोभों की सक्रियता से बार बार मौसम में आ रहा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एक साथ कई विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बार-बार बदलाव आ रहा है। आसमान में बादल छाने के बाद सूरज की तपिश कम हो गई।

इससे उमस भरी गर्मी का असर भी कुछ हद तक कम रहा। शाम के समय आसमान में बदाल गहराने से बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई थी। एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना जताई जा रही है। तीन दिनों से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। कभी आसमान में बादल गहरा जाते हैं, तो कभी तेज धूप वातावरण में उमस पैदा करती है। रविवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस गिरकर 21.4 डिग्री पर आ गया। सुबह के समय आसमान में गहरे बादल छाए रहे। शाम के समय एक बार फिर से बादल छा गए, जिससे बूंदाबांदी होने की संभावना नजर आने लगी। मौसम विभाग के अनुसार एक साथ कई विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं, जिस कारण मौसम में बार-बार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इस सप्ताह के अंत तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बरसात भी हो सकती है। कुछ इलाकों में तेज बरसात होने की भी संभावना है।



रेवाड़ी। रविवार को शाम के समय आसमान में छाए बादल।

---

**कार्यक्रम** | ताऊ की तर्ज पर युवा नेता की भी राव खेमे से दूरी बरकरार, भाजपा की ओर से जिला कार्यालय में होगा कार्यक्रम

## मुकेश कापड़ीवास का 'मनोहर प्रेम', जन्मदिन पर कार्यालय में होगा रक्तदान

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के विरोध की राजनीति कर चुके पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास उम्र को देखते हुए सक्रिय राजनीति से लगभग दूर होने लगे हैं। बीते विधानसभा चुनावों में टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने पार्टी कार्यक्रमों से भी दूरी बनाई हुई है। उनके स्थान पर भतीजे मुकेश कापड़ीवास ने मोर्चा संभाल लिया है।

फिलहाल मुकेश की भी राव खेमे से उतनी ही दूरी नजर आ रही है, जितनी उनके ताऊ रणधीर सिंह ने बनाए रखी। पूर्व सीएम मनोहरलाल के जन्मदिन पर 5 अप्रैल को मुकेश रणधीर सिंह कापड़ीवास के कार्यालय में एक कार्यक्रम करेंगे, जिसमें रक्तदान भी कराया जाएगा। दूसरी ओर भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली की ओर से मनोहरलाल के जन्मदिन पर पार्टी कार्यालय में रक्तदान का कार्यक्रम रखा गया है। पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल की अहीरवाल के वरिष्ठ नेता राव इंद्रजीत सिंह के साथ कभी पटरी नहीं बैठ पाई। उनके सीएम पद पर रहते हुए राव ने कई बार निशाना साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। दोनों दिग्गजों के बीच आज तक छत्तीस का आंकड़ा बना हुआ है। मनोहरलाल ने अहीरवाल में राव को मात देने के लिए उनके विरोधियों को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। वर्ष 2019 में भाजपा प्रत्याशी सुनील मुसेपुर का साथ नहीं देने के आरोप राव खेमे की ओर से जिस अरविंद यादव पर लगाए गए थे, मनोहरलाल ने दूसरी बार सीएम बनते ही उन्हें हरको बैंक का चेयरमैन बनाकर राव खेमे को बड़ा झटका दिया था। राव विरोधी माने जाने वाले रणधीर सिंह कापड़ीवास और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह को मनोहरलाल ने तवज्जो देने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक रस्साकसी अभी तक बरकरार है। निगम चुनावों के दौरान टिकट वितरण को लेकर एक बार भी राव और मनोहरलाल में ठन गई थी। मानेसर निगम के मेयर पद के लिए भाजपा ने जिस प्रत्याशी को मैदान में उतारा था, उसे राव समर्थकों ने जमीन सुंघाने का काम कर दिया था। भाजपा की हार को मानेसर में राव की जीत माना गया था। मेयर बनी डा. इंद्रजीत सिंह को राव इंद्रजीत सिंह ने भाजपा ज्वाइन करने का प्रयास किया, परंतु भाजपा के ही कुछ नेताओं ने इसमें अडंगा डाल दिया था। इस समय मुकेश सीएम नायब सिंह सैनी से भी अच्छे संबंध बनाए हुए हैं।

### विस चुनावों में बचाई प्रत्याशी की लाज

विधानसभा चुनावों में टिकट नहीं मिलने के कारण रणधीर सिंह कापड़ीवास एक बार फिर पार्टी प्रत्याशी को चारों खाने चित्त करने का मन बना चुके थे। इसी दौरान गृह मंत्री अमित शाह को इस बात की जानकारी मिल गई। उन्होंने रणधीर सिंह कापड़ीवास व मुकेश दोनों को बुलाकर पार्टी प्रत्याशी का साथ देने की बात कही, तो दोनों ने मतदान से ठीक पहले लक्ष्मण की डूबती नजर आ रही नाव को पार लगवा दिया। अमित शाह व पार्टी के दूसरे वरिष्ठ नेताओं के आग्रह पर ही कापड़ीवास ने पार्टी से बगावत का इरादा छोड़ दिया था।

### पार्टी कार्यक्रमों में नहीं दिखाई दिलचस्पी

मुकेश कापड़ीवास अपने ताऊ के राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में पूरी तरह से सक्रिय होकर मैदान में उतरे हुए हैं। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने करीबियां बनाई हुई हैं, जबकि राव खेमे से उनकी दूरी बरकरार है। वह पार्टी के जिला स्तरीय कार्यक्रमों में नजर नहीं आते, परंतु पूर्व सीएम मनोहरलाल से लेकर केंद्रीय नेताओं तक के दरबार में हाजिरी नियमित रूप से लगा रहे हैं। उनका विधानसभा चुनावों में बगावत का रास्ता छोड़ना ही पार्टी प्रत्याशी की जीत का बड़ा कारण साबित हुआ था। अब मनोहरलाल के जन्मदिन पर वह विरोधियों को बड़ा संदेश देने की तैयारी में हैं।



**ब्रह्म सरोवर**

कुरुक्षेत्र जिले के थानेसर में स्थित ब्रह्म सरोवर एक प्राचीन और पवित्र सरोवर है। यह सरोवर हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, भगवान ब्रह्मा ने इसी भूमि से ब्रह्मांड की रचना की थी। सूर्यग्रहण के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर लाखों लोग ब्रह्मसरोवर में स्नान करते हैं। कई एकड़ में फैला हुआ यह तीर्थ वर्तमान में बहुत सुन्दर एवं सुसज्जित बना दिया गया है।

हरिभूमि

रोहतक, सोमवार, 5 मई 2025



# पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का तीर्थ है फल्गु

**कुरूक्षेत्र के सात वनों में प्रसिद्ध फलकीवन में ही फल्गु तीर्थ सुशोभित है। हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले के गांव फरल में स्थित यह तीर्थ स्थान कैथल से 25 किलोमीटर, कुरूक्षेत्र से 27 और पेहवा से 20 किलोमीटर ढाण्ड-पूण्डरी मार्ग पर लगभग दोनों के मध्य स्थित है। फल्गु तीर्थ के कारण ही गांव का नाम भी फरल पड़ा। इस तीर्थ का वर्णन महाभारत, वामन पुराण मत्स्य पुराण तथा नारद पुराण में उपलब्ध होता है।**

धर्मस्थल

**दिनेश शर्मा 'दिनेश'**



श्री फल्क ऋषि मंदिर



फरल में स्थित फल्गु तीर्थ



संसार के जिन स्थानों पर सबसे पहले मानव सभ्यता का विकास हुआ, उनमें कुरूक्षेत्र का नाम अग्रगण्य है। सरस्वती एवं दृषद्वती जैसी पवित्र नदियों की इस धरा पर वैदिक सभ्यता का उद्भव हुआ। भारतीय धर्म, दर्शन, कला, साहित्य आदि के विकास में प्रथम सृजन यहीं हुआ।

कृष्ण यजुर्वेद की मैत्रायणी शाखा में कुरूक्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यों की प्रमुख जातियां भरत एवं पुरू भी इसी पावन धरा से जुड़ी रही हैं। जिनके सम्मिश्रण से कुरू नामक जाति का आविर्भाव हुआ। कुरूक्षेत्र यानि कुरूओं का क्षेत्र। इसलिए ही इसे कुरूक्षेत्र कहा गया है। वामन पुराण के अनुसार दृषद्वती नदी सरस्वती के साथ-साथ वही नदी है जिसने कुरूक्षेत्र धरा को गरिमा प्रदान की है। इस नदी का प्रवाह मार्ग कौल (कैथल) से होते हुए फल्कीवन (फरल) रहा है। हालांकि वर्तमान समय में दृषद्वती के बहने के मार्ग के अवशेष मात्र शेष हैं, जो फरल गांव के पूर्व दिशा में स्थित हैं। 48 कोस कुरू भूमि हरियाणा के कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल, जीन्द एवं पानीपत जिलों में फैली हुई है। महाभारतानुसार उत्तर-पूर्व में रंतुक यक्ष (बीड़ पीपली के पास) पश्चिम में अरंतुक यक्ष (कैथल में बेहर गांव के पास) दक्षिण-पश्चिम में रामहद यक्ष (जिला जीन्द में रामराय के पास) एवं दक्षिण पूर्व में मचक्रुक यक्ष (जिला पानीपत में शींख के पास) का स्पष्ट वर्णन मिलता है। इस प्रकार इन चार यक्षों द्वारा रक्षित इस आयताकार 48 कोस की भूमि में 360 तीर्थों की उपस्थिति मानी जाती है। कुरूक्षेत्र की पवित्र भूमि प्राचीन काल में घने वनों से आच्छादित थी। वामन पुराण में कुरूक्षेत्र भूमि में स्थित सात वनों का स्पष्ट नामोल्लेख मिलता है। जैसे - काम्यक वन, अदिति वन, व्यास वन, फलकीवन, सूर्यवन वन, मधुवन तथा शीतवन। वामन पुराण के अनुसार इन पुण्यशाली वनों के नाम का उच्चारण करते ही मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं-

*श्रृणु सप्त वनानीह कुरूक्षेत्रस्य मध्यतः।*
*येषां नामानि पुण्यानि सर्वपापहराणि च।*
*काम्यकं च वनं पुण्यं दितिवनं महत।*
*व्यासस्य च वनं पुण्यं फलकीवनमेव च ।*

कुरूक्षेत्र के सात वनों में प्रसिद्ध फलकीवन में ही फल्गु तीर्थ सुशोभित है। हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले के गांव फरल में स्थित यह तीर्थ स्थान कैथल से 25 किलोमीटर, कुरूक्षेत्र से 27 और पेहवा से 20 किलोमीटर ढाण्ड-पूण्डरी मार्ग पर लगभग दोनों के मध्य स्थित है। फल्गु तीर्थ के कारण ही गांव का नाम भी फरल पड़ा। इस तीर्थ का वर्णन महाभारत, वामन पुराण मत्स्य पुराण तथा नारद पुराण में उपलब्ध होता है। महाभारत वन पर्व में तीर्थ यात्रा प्रसंग के अन्तर्गत इस तीर्थ के महत्व के विषय में स्पष्ट उल्लेख हैः

*ततो गच्छेत राजेन्द्र फलकीवनमुत्तमम्।*
*तत्र देवाः सदा राजन् फलकीवनमाश्रिताः।*
तपश्चरन्ति विपुल बहुवर्षसहस्त्रकम्।

अर्थात तत्पश्चात मनुष्य को देवों द्वारा देवताओं ने हजारों वर्षों तक कठोर तपस्या की। बिल्कुल ऐसा ही वामन पुराण में भी उपलब्ध होता है, जहां लिखा है कि तत्पश्चात देवता, गन्धर्व, साध्य एवं ऋषि लोगों को दिव्य निवास वाले उस फलकीवन में जाना चाहिए जहां देव, गन्धर्व, सिद्ध एवं ऋषि सदैव तपस्यारत रहते हैं।

महाभारत के अनुसार इस तीर्थ में स्नान करने एवं देवताओं का तर्पण करने से मनुष्य अग्निष्टोम तथा अतिरात्र यज्ञों के करने से कहीं अधिक श्रेष्ठतर फल को प्राप्त करता है। वामन पुराण में भी लिखा है कि इस तीर्थ में स्नान करने से तथा देवताओं का तर्पण करने से मनुष्य अग्निष्टोम तथा अतिरात्र यज्ञों से भी अधिक फल प्राप्त करता है। वामन पुराण के 36 में अध्याय के श्लोक संख्या 49 और 50 में वर्णित है-

*''सोमक्षये च सम्प्राप्ते सोमस्य च दिन।*
*यः श्राद्ध च मत्यस्तस्य फल पुष्पम्।।*
*गंगायां च यथा श्राद्ध पितृन्प्रीणति नित्यशः।*
*श्राद्ध च कर्तव्य फल्कीवनमाश्रितैः।।''*

अर्थात ''अमावस्या (सोमक्षय) होने पर सोमवार के दिन जो मनुष्य श्राद्ध करता है, उसे बहुत अधिक पुण्य प्राप्त होता है। फल्कीवन में फल्गु तीर्थ पर किया गया श्राद्ध पितरों को वैसा ही तृप्त और सन्तुष्ट करता है जैसा कि गया जी में किया हुआ श्राद्ध नित्य ही पितृगण (पितरों) को प्रसन्न करता है। फलकीवन (कैथल) स्थित फल्गु तीर्थ के बारे बात करें तो सर्वप्रथम जिस बात का उल्लेख आवश्यक है वह 'श्री फल्गु ऋषि' का जिक्र है। आखिर उनके तप का ही प्रभाव है कि आज यह क्षेत्र प्रसिद्ध है। उनके नाम से ही यह वन फल्कीवन हुआ। ऋषिवर इस वन में तपस्या करते थे। पुराणानुसार एवं लोक किंवदंतियों में कहा जाता है कि उनके तपस्या काल में प्रसिद्ध गया जी तीर्थ बिहार पर गयासुर का राज्य था। गयासुर की यह प्रतिज्ञा थी कि जो उसे युद्ध में पराजित कर देगा उसके साथ वह अपनी तीनों पुत्रियों का विवाह करेगा। उस समय फल्गु तीर्थ यानी फलकी वन में फल्गु ऋषि तपस्या कर रहे थे। गयासुर से त्रस्त लोगों और देवताओं के अनुरोध से जब उन्हें गयासुर की प्रतिज्ञा का पता चला तो गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ समझकर वहां गए और शास्त्रार्थ में गयासुर को पराजित करके उसकी तीनों कन्याओं के साथ विवाह कर लिया एवं गृहस्थी बने। दहेज में गयासुर ने गया जी में पितृतृप्ति हेतु किए जाने वाले कार्यों में मिलने वाले फल का वर भी दिया।


इस पावन तीर्थ पर फल्गु ऋषि के मन्दिर के अलावा भी कई सुन्दर मन्दिर हैं। यहां सरोवर के घाट के पास अष्टकोण आधार पर निर्मित 17वीं शताब्दी की मुगल शैली में बना शिव मन्दिर है जो लगभग 30 फुट ऊंचा है। यहां स्थित सरोवर की लम्बाई 800 फुट और चौड़ाई 300 फुट है। मुगल शैली में एक और शिव मन्दिर है जो लगभग 20 फुट ऊंचा है तथा आकार में वर्गाकार है। वर्ग की एक भुजा 9 फुट 6 इंच है। यहीं एक अन्य मन्दिर जो राधा-कृष्ण का भी है जो नागर शैली में बना हुआ है। इसका शिखर शंकु आकार का है। इन सभी उपरोक्त वर्णित मन्दिरों में निर्माण के दौरान लाखौरी ईंटों का इस्तेमाल किया गया है एवं परवर्ती काल में इनका जीर्णोद्धार आधुनिक ईंटों के द्वारा किया गया है। घाट के पास ही एक अत्यन्त प्राचीन वट वृक्ष है जिसे लोग श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं। हाल ही में फल्गु तीर्थ के बीच एक नए मंदिर का निर्माण भी जन सामान्य ने सहयोग और आस्था से किया है। इसके अतिरिक्त फरल से ही कुछ तीर्थ और जुड़े हैं। जैसे गांव फरल से 2 किलोमीटर के सम्पर्क मार्ग द्वारा पणिश्वर तीर्थ पर पहुंचा जा सकता है। यह तीर्थ पवन पुत्र हनुमान से संबंधित है; जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट भी है। महाभारत में इस नाम से किसी तीर्थ का वर्णन प्राप्त नहीं होता, परन्तु महाभारत के अनुशासन पर्व के दसवें अध्याय में पाणिखात के नाम से एक तीर्थ उल्लेख है जिसके बारे में धारणा है कि वही पाणिखात पणिश्वर है। इस तीर्थ में स्नान करने के पुण्य के विषय में कहा गया है कि यहां स्नान करने से मनुष्य को एक हजार गाय दान करने के समान फल मिलता है। आगे कहा गया है कि जो मनुष्य पणिश्वर तीर्थ में पितृ-तर्पण करता है वह राजसूर्य यज्ञ के फल का उपयोग करता है। इस तीर्थ पर वर्तमान में हनुमान जी का भव्य मंदिर है जिसमें बजरंगबली की सुंदर प्रतिमा है। निःसंकोच कहा जा सकता है कि –

*'तीर्थ स्तरन्ति प्रवतो महीरीति, यज्ञकृतः सुकृतो येन यन्ति।'*

मनुष्य तीर्थों के सहारे बड़ी से बड़ी विपत्तियों से तर जाता है। बड़े से बड़े पाप तीर्थ सेवन से समाप्त हो जाते हैं और तीर्थ स्थान करने वाला महान यज्ञ करने वालों के रास्ते से ही स्वर्ग जाता है।

---

कविता | **राजपाल सिंह गुलिया**



## एक डीलर आग्या रै

एक डीलर आग्या रै, एक डीलर आग्या रै.
म्हारे घेर म्हँ साँझ नै, एक डीलर आग्या रै.
एक डीलर एक डीलर, एक डीलर आग्या रै.

बीच गली म्हँ एक गाड़ी नै, होरण तेज बजाया.
लाम्बी गाड़ी देख बारणै, बाबू भी हर्षाया.
न्यू बोल्या वो बाबू तैं मैं, ऑफर बढ़िया ल्याया.
उसने बाबू के कान म्हँ, कील्ले का रेट बताया
फेर भा सुण कै न बाबू कै, भी जी सा आग्या रै ...

न्यू बोल्या वो इस खेवट का, नम्बर खास नहीं सै.
रेट भतेरे बढ़ लिए ईब, आग्गै आस नहीं सै.
दवा बहम की चाचा चतरू, म्हारे पास नहीं सै
धोखे आलै काम क धोरै, गंगादास नहीं सै.
फेर हाथ होक्के पै धर कै, कती नेम ठाग्या रै...

भा सुणकै ना मेरा बाबू, फूल्या नहीं समाया.
एक बेच कै पाँच दिवा दूँ, न्यूँ भी वो बहकाया.
टोकन मनी दे कै उसने, ब्याना तुरत लिखाया
भांग कै भाड़ै धरती दे के, भोत घणा पिछताया
फेर म्हारी इस डील म्हँ वो, कई लाख कमाग्या रै...

खेत बेच कै सबके होग्ये, नख्शे हाई - फाई,
माणस गैल्या गाड़ी होग्यी, घर -घर वाई -फाई.
कह गुलिया इब बैरी होग्ये, खुद भाई के भाई,
आपस का रसूख देख ल्यो, होग्या हवा - हवाई
बाबू कहता फिरै घोल कै, वोह मन्नै प्याग्या रै ...

---

कविता | **भूपसिंह 'भारती'**



## घर-घर म्ह पेड़ लगाओ

पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।
रुदन सुणो ये रो रो कहरे, ना हमनै काट बगाओ।।

धरती का सिंगार करा हम, न्यारी म्हारी माया।
मीठे मीठे फल देवां हम, देवां सीली छाया।
हरा भरा हो घर भाया, जै घर में पौधे लाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

बरखा नै हम लेकै आवां, कती करां ना टाला।
मरते-मरते इंधन देवा, सै म्हारा काम निराला।
घर-घर म्ह पेड़ लगाकै, प्रदूषण नै भगाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

पीवण नै हम पाणी देते, अन्न देते खाणे को।
ऑक्सीजन पैदा करते, जीवन नै बचाणे को।
जै चाहो सो जीणा तो, म्हारी तादाद बढ़ाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

इस दुनिया म्ह सुणलो लोगों, पेड़ ही सच्चे साथी।
हर हालत में साथ निभावै, बणकै देख हिमाती।
कह 'भारती' पौधगिरी की, मिलकै अलख जगाओ।
पर्यावरण बचाणा से तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

**रोचक** | **फरजाना उर्फ समरु ने करीब 50 वर्षों तक गुड़गांव क्षेत्र पर शासन किया, तब अंग्रेज भी उसकी सैन्य ताकत से खतरा अनुभव करने लगे थे**



# तवायफ से तख्तोताज तक पहुंची थी बेगम समरु

इतिहास | **यशपाल गुलिया**

बड़ोत कस्बे के समीप कुताना गांव में पैदा होने वाली लड़की फरजाना एक विख्यात शासक बनी थी। उसने लगभग 50 वर्षों तक गुड़गांव क्षेत्र पर शासन किया तथा झाड़सा के पास एक बड़ी छावनी भी बना ली थी। बता दें कि वर्ष 1760 के आसपास फरजाना की विधवा माता गरीबी से तंग आकर दिल्ली आ गई। तब फरजाना की उम्र 8-10 वर्ष थी और उसकी माता पहले दिल्ली में तवायफ रह चुकी थी, जिसको कुताना गांव का असद खां खरीद ले गया था।

दिल्ली पहुंचकर भी वह अपने पुराने पेशे वाले स्थान पर नहीं गई। क्योंकि वह फरजाना को किसी भी सूरत में अपने पुराने पेशे में नहीं डालना चाहती थी। इसलिए दिल्ली पहुंचकर वे दोनों जामा मस्जिद की सीढ़ियों पर ठहर कर भीख तक मांगने लग गई। 20-25 दिनों बाद ही बुखार से ग्रस्त होकर फरजाना की माता की मृत्यु हो गई। तब रोती बिलखती देखकर फरजाना को वहां से गुजरने वाली खानुम जान नामक तवायफ अपने साथ ले गई। जहां फरजाना की माता उसको नहीं ले जाना चाहती थी, भाग्य के करिश्मे से फरजाना वहीं चावड़ी बाजार पहुंच गई। कुछ ही वर्षों में फरजाना नाच गाने में दक्ष हो गई। तभी वर्ष 1765 में भरतपुर शासक जवाहर सिंह ने दिल्ली पर आक्रमण किया था। उसका सेनापति जनरल समरु था जो फरजाना को 5000 रुपये में खानुम जान से खरीद कर अपने साथ भरतपुर ले गया और फरजाना बेगम समरु बन गई तथा आगरा में रहने लग गई। फिर जनरल समरु ने भरतपुर की नौकरी छोड़कर दिल्ली शाही वजीर नजफ खां की नौकरी पकड़ ली। नजफ खां ने बेगम समरु को झज्जर तथा मेरठ के पास सरधना की दो जागीर प्रदान कर दी। वह मूल रूप से ऑस्ट्रीया का निवासी था जो भारत में रोजगार के लिए आया था। बेगम समरु और जनरल समरु का साथ 12-13 वर्षों तक ही रहा क्योंकि वर्ष 1778 में जनरल समरु की मृत्यु हो गई। तब दिल्ली बादशाह ने उसकी दोनों जागीरों को शासक बेगम समरु को प्रदान कर दिया। बेगम समरु ने कुशलतापूर्वक प्रशासनिक कार्यों को सम्भाला तथा झज्जर क्षेत्र पर तीन प्रशासक राय गोपीनाथ, चौधरी साहब सिंह व मजलिस राय को नियुक्त कर दिया और स्वयं सरधना में रहने लग गई। जहां उसने एक विशाल सेना गठित कर ली तथा यूरोपीय सेना अधिकारियों को नियुक्त कर लिया। उल्लेखनीय है कि झज्जर बादशाह अकबर के काल से ही एक शासकीय इकाई बना रहा था जिसके तहत चार परगने झज्जर खास, बेरी-दुबलधन, दादरी तोए और मान्डौठी आते थे। लेकिन बेगम झज्जर की हाकिम केवल सात वर्षों (1778 से 1785 तक) तक ही रही। उसके बाद बादशाह ने बेगम समरु को झाड़सा-बादशाहपुर की जागीर भी दे दी। इसके तहत साढराणा तक के गांव आते थे और गुड़गांव तब तक एक गांव मात्र था। फिर बेगम इतनी शक्तिशाली हो गई कि उसने झाड़सा के पास विशाल सैनिक छावनी ही गठित कर डाली। वर्ष 1803 से दिल्ली पर अंग्रेजों का अधिकार होने पर भी बेगम समरु की दोनों जागीर सरधना व झाड़सा (गुड़गांव) ऐसे ही बनी रही।

बेगम समरु इतनी शक्तिशाली सैन्य ताकत बन गई थी कि अंग्रेजों को उससे खतरा अनुभव होने लग गया था। इसके परिणाम स्वरूप उनको भी झाड़सा से दूर एक नई छावनी बनानी पड़ी जिसको हिदायतपुर छावनी कहा जाता था। इस तरह उस ऐतिहासिक हस्ती बेगम समरु ने वर्ष 1836 तक शासन किया तथा जनवरी 1836 में वह निःसन्तान स्वर्ग सिधार गई। अंग्रेजों ने उसकी सभी छावनियों व क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया। बेगम के बनाए हुए विशाल चर्च व महल सरधना व दिल्ली में आज भी विराजमान हैं।



बेगम समरु का चित्र तथा उनके द्वारा सरधना में बनवाई गई चर्च जो आज भी विद्यमान है।

**बेगम समरु जनवरी 1836 में निःसन्तान स्वर्ग सिधार गई। उसके बाद अंग्रेजों ने उसकी सभी छावनियों व क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया। बेगम के बनाए हुए विशाल चर्च व महल सरधना व दिल्ली में आज भी विराजमान हैं।**

---

# समाज को संस्कृति से जोड़ने में कला का अहम योगदान : रवि मोहन

कलाकार | **ओ.पी. पाल**





हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में विभिन्न विधाओं में कलाकारों की अहम भूमिका है। ऐसे ही कलाकारों में रंगमंच के अभिनेता रवि मोहन भी शामिल है, जिन्होंने बॉलीवुड तक का सफर तय करने के बावजूद अपनी संस्कृति को सर्वोपरि रखते हुए समाज को सकारात्मक संदेश देने के मकसद से अपनी कला को बुलंदियों तक पहुंचाया है। साहित्यिक नाटकों, कहानियों के मंचन और सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर अपनी कला के संसार को दिशा देने का प्रयास किया है। अभिनेता, थिएटर निर्देशक और रंगकर्मी रवि मोहन ने अपनी कला के सफर को लेकर कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया, जिससे समाज को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने में कला महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

हरियाणा के लोक कलाकार रवि मोहन का जन्म 11 मई 1975 को रास बिहारी और अनीता भारद्वाज के घर में हुआ। उनके परिवार में किसी प्रकार का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल तो नहीं था, लेकिन उनके पिता कभी अपनी शादी से पहले कैथल में रामलीला में किरदार करते थे। उनका परिवार 46 साल पहले सफीदों आ गया था। बकौल रवि मोहन, उनकी शिक्षा सरकारी स्कूल से हुई और कॉलेज पास आउट करने के बाद उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आधुनिक इतिहास में एमए की। उसके बाद एमफिल भी की। कला के क्षेत्र में अपनी अभिरुचि के बारे में रवि मोहन ने बताया कि स्कूली शिक्षा के दौरान उन्हें कभी-कभी मंच पर ग्रुप सॉन्ग और छोटे-छोटे अभिनय करने का सौभाग्य मिला। कॉलेज के दौरान उन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मौका मिला और उनकी कला से उन्हें सम्मान मिला, क्योंकि वह कॉलेज में भी एनसीसी की क्विज कांटेस्ट, गेम सॉन्ग, फैंसी ड्रेस, नाटक, नृत्य और गाना-बजाना जैसी गतिविधि में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहे। विश्वविद्यालय में वे सांस्कृतिक गतिविधियों में लोक नृत्य और नाटकों में भागीदारी करते रहे। संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली और नेशनल स्कूल आफ ड्रामा फैकल्टी के विशेषज्ञों के सानिध्य में उन्होंने साल 2002 और 2003 में रंगमंच की कार्यशालाओं से प्रशिक्षण लिया और दो माह के अल्पकाल में रंगमच की बारीकियों को जाना। इससे वह रंगमंच की तरफ आकर्षित होकर रंगकर्मी के रूप में अपनी कला को आगे बढ़ाने लगे। करीब 28 वर्षों से रंगमंच से जुड़कर करीब 50 नाटकों का निर्देशन किया है, जबकि 15 नाटकों में अभिनय करने के अलावा कुछ वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी किरदार किया। उन्हें हरियाणा की तरफ से राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में बतौर निर्देशक के रूप में भी काम करने का मौका मिला। उन्होंने 2003 में राज कला मंच नामक खुद की एक नाटक एनजीओ का पंजीकरण कराया और इस मंच से अब तक 14 राष्ट्रीय नाटक उत्सव चैनल थिएटर के नाम से आयोजित किए हैं। साल 2007 से 2010 के दौरान कुछ समय वे मुंबई भी रहे।

## पुरस्कार एवं सम्मान

अभिनेता एवं कलाकार रवि मोहन को वर्ष 2000 में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ लोक नर्तक एवं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। वहीं इसी वर्ष के दौरान उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय कलर से सम्मानित किया गया। जबकि वर्ष 2007 में राष्ट्रीय स्तर पर निर्देशन के लिए स्वर्ण पदक से नवाजा गया। इसके अलावा उन्हें हरियाणा में रंगमंच प्रोत्साहन के लिए राज्यपाल पुरस्कार, रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियों में अनुकरणीय समर्पण के लिए रोटरी वोकेशनल पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार जैसे सैकड़ो पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

## अभिनय से संजोया हरियाणा

अभिनेता एवं रंगकर्मी रवि मोहन ने नेशनल चैनल डीडी-1 पर एक और कहानी, डीडी-हिसार के लिए सबरंग, सोनी टीवी पर क्राइम पेट्रोल एवं जिंदगी के क्रॉस रोड के अलावा एमएक्स प्लेयर पर कैंपस डायरी, स्टेज ऐप पर मेरे यार की शादी है और ब्रॉडलाइन एरोप्लान (फेदर फिल्म) में विभिन्न किरदार निभाए हैं। उन्होंने दूसरा आदमी दूसरी औरत और एक शाम कहानियों के नाम, धीमा जहर, हरियाणा के क्रांतिवीर, मैकबेथ, नागमंडल, मारिया फरार, रेजांग-ला द लास्ट वार, अंधा युग, मैं कहानी हूं, कनुप्रिया, छाया के बिना आदमी के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों में विभिन्न राष्ट्रीय रंगमंच समारोहों में अपनी कला से अहम योगदान दिया। इसके अलावा उन्होंने हरियाणा के जिलों के शिक्षण संस्थानों और विभिन्न ड्रामा स्कूलों में अभिनय और डिजाइनिंग के लिए विजिटिंग फैकल्टी के लिए भी अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

## खबर संक्षेप



### श्रद्धालुओं ने सत्संग में उठाया कथा का लाभ

**धारूहेड़ा।** श्री राम कुटी सत्संग भवन में सत्संग सुनाते हुए युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि जी महाराज के शिष्य मलूक द्वारा उपस्थित श्रद्धालु महिला पुरुषों को सुनने को मिल रहा है। उन्होंने अपने प्रवचन में सत्संग श्रवण करवाते हुए कहा कि बिनु सत्संग विवेक ना होई बिनु हरि कृपा सुलभ ने सोई अर्थात सद्बुद्धि प्राप्त होती है तभी सत्संग मिलता है। सत्संग भगवान की कृपा से प्राप्त होता है, अपनी इच्छा से नहीं। जब भगवान की कृपा आप पर होती है तभी आप सत्संग सुनने आते हो। उन्होंने आगे कहा सत्संग से स्वयं परमसत्ता जागृतात्माओं खोजती है। स्वयं साक्षात्कार करके विचार क्रांति पैदा करती है। इतिहास इस बात का साक्षी है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य का भाग्य उदय होता है। तभी सत्संग मिलता है अच्छे संगठनों में लोगों का संग मिलता। इस अवसर पर अनिल पाठक जी, रमेश जी, लक्ष्मण सिंह, रोहतास सुबेदार, के अलावा महिलाओं में सुकेश यादव, गीता, कमला, ममता, सरोज,पुनम, सुशीला आदि श्रद्धालु महिला पुरुष सत्संग भवन में सत्संग सुनने में उपस्थित रही।

### बावल में बाइक सवार युवक पर चलाई गोली

**बावल।** रविवार सायं बावल के साबन-माजरा रोड पर कार सवार युवकों ने एक बाइक चालक का रास्ता रोककर गोली चला दी। गोली बाइक चालक के बराबर से निकल गई। गोली चलने के बाद आसपास के एरिया में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। माजरा निवासी अंकुश शाम के समय बाइक लेकर बावल से अपने गांव की ओर जा रहा था। कोर्ट रोड से आगे निकलते ही एक आई-20 कार उसकी बाइक के आगे रोक दी गई।

### शिविर में एकत्रित किया गया 47 यूनिट रक्त

**कोसली।** नाहड़ रोड स्थित पल्स अस्पताल में रविवार को जिला पार्षद शारदा यादव व रेवाड़ी के ललिता मेमोरियल अस्पताल ब्लड सेंटर एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में वीर कुमार यादव ने कहा कि अपना खून देकर किसी दूसरे की जान बचाना दुनिया का सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

### भाकली गांव में जागरण का आयोजन आज

**कोसली।** भाकली गांव के शिव मंदिर में परिसर में 5 मई को ब्रह्मलीन बाबा मस्तपुरी महाराज की 25वीं पुण्यतिथि पर जागरण व अगले दिन हवन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर कमेटी के प्रधान रामफल यादव ने दी और बताया जागरण में भजन गायक विकास पासोरिया अपने भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

### किसान के खेत से हजारों रुपये का सामान चोरी

**कोसली।** छव्वा गांव के एक किसान के खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे से अज्ञात चोर सिंचाई की मोटर, कनैक्शन तार व अन्य उपकरण चोरी कर ले गए। किसान संतलाल ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि धारौली गांव की सीमा पर स्थित उनके खेत के ट्युबवेल के कमरे से अज्ञात चोर शुक्रवार रात एक मोनो ब्लाक मोटर, मोनो ब्लाक की वाल्व व बैंड तथा सबमर्सिबल की केबल चोरी करके ले गये। शनिवार सुबह 8 बजे वह ट्यूबवेल पर गए तो उपरोक्त सामान गायब मिला। पुलिस ने किसान की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।खड़गवास निवासी वरिष्ठ साहित्यकार अहम्ना मनोहर की प्रतिभाशाली बेटी ने रसायन विज्ञान में नेट जेआरएफ क्वालीफाई करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

## समाज में हो रही जागृति को लेकर समिति की सराहना

# बैठक में मेघवाल शब्द पर सहमति मोहम्मदपुर जाट गांव में की चर्चा

■ मेघवाल उत्थान समिति की साप्ताहिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

मेघवाल उत्थान समिति की साप्ताहिक बैठक का आयोजन मोहम्मदपुर जाट गांव में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हंसराज ने की।

सचिव भूपेन्द्र शेखपुर ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि इस अवसर पर मेघवाल उत्थान समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण और मेघवाल समाज के काफी लोग,बच्चों ने बहुत अधिक संख्या में बैठक में शामिल रहे। संरक्षक वेद प्रकाश व अध्यक्ष सूरजभान मेघवाल ने बताया कि सभी ने समाज में हो रही जागृति को लेकर मेघवाल उत्थान समिति की सराहना की। सभी ने मेघवाल शब्द को लेकर एकजुट सहमति जताई। और अनुसूचित जाति में चमार की जगह मेघवाल को अपनाने पर सभी ने सहमति जताई और कहा की आगे भविष्य में सर्व समाज में अपने आप को मेघवाल कह कर ही सम्बोधित करें।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद मेघवाल उत्थान समिति के सदस्य।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्य रूप से राजस्थान से मेघवंशी सुंदरलाल भटैडिया व डॉ गजराज मेघवंशी, संरक्षक वेदप्रकाश, अध्यक्ष सूरजभान, सचिव भूपेन्द्र शेखपुर, कोषाध्यक्ष बलबीर, सरपंच भीम सिंह मोहम्मदपुर, तेजपाल, रूडाराम ,धनपत, राजेंद्र उर्फ राजू, हंसराज, धनीराम, दिनेश, राहुल, संदीप, सचिन, पुष्पेंद्र, हैप्पी, बलजीत, रिछपाल, रमेशचंद्र सूबेदार,परमेश्वर, सतीश, घनश्याम, हरीश, बिजेंद्र सिंह, नरेश, शुभराम, रवींद्र, प्रेमप्रकाश, राधेश्याम, कंवरसिंह, रामसिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



रेवाड़ी। शिविर में मरीजों की जांच करते हुए डॉक्टर।

# शिविर में 194 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ जांच के बाद मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की

गढ़ी बोलनी रोड पर कृष्णा भवन में यादव कल्याण सभा की ओर से आयोजित मुफ्त चिकित्सा शिविर में 194 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के बाद मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गर्इं।

सभा के प्रवक्ता सतीश यादव ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न अ्रस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने संबंधित बीमारियों के रोगियों की जांच करते हुए उन्हें मुफ्त परामर्श व दवाएं दी गर्इं। सभा की ओर से रविवार के दिन मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग फायदा उठाते हैं। रविवार को आयोजित शिविर में प्रधान रामबीर यादव, डा. यशपाल यादव, जसवंत सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह, अमर सिंह, गोकल राम व बिक्रम आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# केबल चोरी का आरोपी चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

टांकड़ी में ट्यूबवेलों से बिजली की केबल चोरी करने के बाद मौके पर बाइक छोड़कर भागे आरोपियों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ बावल थाने में पहले भी चोरी के दो मामले दर्ज हैं। पुलिस शिकायत में टांकड़ी निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह 2 मई को तड़के करीब 3 बजे अपने खेतों में जुताई करने के लिए ट्रैक्टर लेकर गया था।

उसके खेत के पास एक बाइक खड़ी हुई थी तथा बाइक के पास चार-पांच युवक खड़े थे। वह उन लड़कों की ओर गया तो सभी वहां से भाग गए। वह बाइक मौके पर ही छोड़ गए। उसने अपने कुएं पर आकर देखा तो बिजली की केबल गायब मिली। बाद में पता चला कि चोर प्रदीप, राजबीर व पंचायत के ट्यूबवेल से भी बिजली केबल चोरी कर ले गए। उसने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने एक आरोपी साबन निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ करने के बाद अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



रेवाड़ी। चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस के साथ।

### ज्योति ने रसायन विज्ञान में क्वालीफाई किया नेट जेआरएफ

**नांगल मूंदी।** खड़गवास निवासी वरिष्ठ साहित्यकार अहम्ना मनोहर की प्रतिभाशाली बेटी ने रसायन विज्ञान में नेट जेआरएफ क्वालीफाई करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। मेधावी ज्योति भारद्वाज ने इस परीक्षा में 99.363 परसेंटाइल लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सामान्य वर्ग में 59वीं रैंक हासिल करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ज्योति भारद्वाज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों तथा गुरुजनों को दिया है। रसायनशास्त्री सत्यवीर नाहड़िया ने इस उपलब्धि को ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर बताया। इस उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर व्याप्त है।

# भगवान परशुराम की निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

रविवार को शहर में ब्राह्मण समाज की ओर से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा ब्राह्मण सभा परिसर बावल से प्रारंभ होकर कानूगो मोहल्ला, कटला बाजार,होली चोटा,मोतीझील होती हुई ब्राह्मण सभा परिसर में संपन्न हुई।

शोभायात्रा में भगवान परशुराम का रूप कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा ने धारण किया।लाजपत कौशिक ने बताया कि भगवान परशुराम के चरित्र से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए तथा सभी को साथ लेकर चलना चाहिए और समाज का उत्थान करना चाहिए।एडवोकेट सचिन शर्मा ने कहा कि युवाओं को समाज के साथ जुड़ना चाहिए तथा समाज के वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन से समाज के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।इस अवसर पर ब्राह्मण सभा तहसील बावल के प्रधान सुरेश कुमार,उप प्रधान राजकिशोर, रविदत्त शर्मा,नरेश भारद्वाज, लाजपत कौशिक, पूर्व प्रधान ज्ञानचंद शर्मा, एडवोकेट सचिन शर्मा, अमित बामण कालड़ावास,भास्कर गौड़, विशांत शर्मा, विनोद शर्मा, कमल शर्मा, संजू कौशिक, आदि मौजूद रहे।



बावल। शोभायात्रा में शामिल ब्राह्मण समाज के लोग।

# कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल अशोक बनाम अनमोल ट्रांसपोर्ट कंपनी मामले में चिराहड़ा की ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रतिनिधि महेश कुमार को कोर्ट ने 21 जनवरी को पीओ घोषित किया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### पार्क के गेट के पास खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** नाईवाली चौक के पास राव तुलाराम पार्क के गेट पर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। गुरूग्राम के हेलीमंडी जाटोली निवासी गुलशन ने बताया कि वह घर से बाइक लेकर रेवाड़ी आया था। बाइक पार्क के गेट के पास खड़ी करने के बाद वह पार्क में घूमने के लिए चला गया। कुछ समय बाद जब वह पार्क से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली।

# नेट क्वालीफाई करने पर निक्की का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली की ग्रामीण क्षेत्रीय एजुकेशन सोसाइटी द्वारा रविवार को राव राम नरायण लायब्रेरी परिसर में नेट जेआरएफ असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 192 रैंक प्राप्त करने वाली कोसली गांव निवासी निक्की यादव को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने होनहार बेटी व उनके परिजन को शुभकामनाएं दी। सोसायटी के प्रधान संजय यादव एडवोकेट ने कहा कि निकी की सफलता से युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर धर्मेन्द्र यादव, सज्जन सिंह यादव, बाबा मुक्तेश्वर पुरी ट्रस्ट के प्रधान महेंद्र सूबेदार महेंद्र सिंह, पूर्व प्राचार्य दुलीचंद यादव, चांद सिंह यादव, प्रो. लाज कौशल, प्रो. सुनील यादव, देवेंद्र सिंह,आदि मौजूद थे।



कोसली। निकी को सम्मानित करते सोसायटी के प्रधान व सदस्य।

*आयोजकों ने अपने हाथों से श्रमिक भाई बहनों को भोजन कराया*

# पिता की पुण्यतिथि पर आनंद रसोई में 300 श्रमिकों को कराया अल्पाहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत विकास परिषद के तत्वावधान में पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने रविवार अपने पिता स्वर्गीय मास्टर लक्ष्मीनारायण शर्मा की पुण्यतिथि पर परशुराम चौक पर लगभग 300 श्रमिकों के लिए सुबह अल्पाहार की व्यस्था की। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए प्रकल्प संयोजक डॉ. संजय शर्मा और शाखा सचिव मुकेश जैन ने बताया कि विपिन शर्मा द्वारा परिषद के महत्तवपूर्ण प्रकल्प आनंद रसोई के अंतर्गत परशुराम चौक पर उपस्थित श्रमिकों के लिए भोजन व्यस्था की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष कवीन्द्र सचदेवा, पूर्व शाखा अध्यक्ष राजकुमार यादव, पूर्व सचिव दिनेश शर्मा और कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता और सेवा संयोजक पवन यादव उपस्थित रहे। आयोजकों ने अपने हाथों से श्रमिक भाई बहनों को भोजन कराया। शाखा अध्यक्ष कवीन्द्र सचदेवा ने कहा कि परिषद के कार्य सामाजिक सद्भावना एवं सेवा के अनुपम उदहारण होते हैं। कार्यक्रम के आयोजक विपिन शर्मा ने कहा कि भोजन खिलाना बहुत पुण्यदायी माना जाता है। प्रकल्प संयोजक डॉ संजय शर्मा ने कहा कि पुण्यतिथि को पुण्य रूप के अंदाज में मनाकर भाविप ने सार्थकता का सन्देश दिया है। देवेन्द्र वर्मा एवं भीमसेन शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद अन्नदान की श्रेष्ठ परम्परा को निभाता आ रहा है।



नारनौल। श्रमिकों को अल्पाहार देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सुदेश राव ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

**महेंद्रगढ़।** गांव नांगल हरनाथ निवासी स्व. अशोक कुमार की पुत्री सुदेश राव ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित सीएसआईआर नेट की परीक्षा केमिस्ट्री विषय से उत्तीर्ण की है। सुदेश राव ने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल करते हुए आल इंडिया में 45 रैंक हासिल की है। सुदेश राव ने यह उपलब्धि सेल्फ स्टडी करते हुए बिना किसी कोचिंग के हासिल की है। वर्तमान में सुदेश राव आईआईटी कानपुर में जूनियर लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। सुदेश की माता सुनीता राव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुलाना में इंग्लिश लेक्चर के पद पर कार्यरत है।



# जेआरएफ परीक्षा में 136वीं रैंक पाने वाली सपना शर्मा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी ने सपना शर्मा सुपुत्री श्घनश्याम शर्मा निवासी सागरपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मार्च में आयोजित नेट जेआरएफ़ परीक्षा में 136वें रैंक के साथ उत्तीर्ण कर अटेली खंड व ब्राह्मण समाज का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया।

सीएसआईआर यूजीसी द्वारा संचालित इस परीक्षा में हर वर्ष देश के हर कोने से लाखों विद्यार्थी आवेदन करते हैं। मात्र कुछ प्रतिशत छात्र ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर पाते हैं। जिनको असिस्टेंट प्रोफेसर व जूनियर रिसर्च फेलोशिप की उपाधि दी जाती है। सपना शर्मा के पिता घनश्याम शर्मा सागरपुर ने बताया कि सपना की उपलब्धि पर भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली मंडी के प्रधान धर्मेंद्र वशिष्ठ, संयोजक अरविंद कौशिक, उपप्रधान आलोक कौशिक, पवन भारद्वाज, घनश्याम शर्मा, चौधरी ओमप्रकाश, चौधरी सतबीर, भूप सिंह, वेद प्रकाश, संदीप मास्टर, चौ दीपक, सतीश यशवीर शर्मा सहित अनेक लोगों ने सपना को बधाई दी। भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान धर्मेंद्र वशिष्ठ ने सपना शर्मा को बधाई दी।



मंडी अटेली। भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से सपना शर्मा को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**आस्था** | श्रीगोपाल गौशाला में संस्था ने लगाई सवामणी

*जिस स्थान पर गाय रहती है, वहां नकारात्मक ऊर्जा फटक भी नहीं पाती*

# गोसेवा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि और सौभाग्य की होती है प्राप्ति : महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री गो गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान (रजि.) के तत्वावधान में रेवाड़ी रोड स्थत श्री गोपाल गौशाला पर गो पूजन कर गो सवामणी लगाई गई। आचार्य बजरंग शास्त्री के सानिध्य में हुई इस सवामणी में सर्वप्रथम आचार्य मनीष शास्त्री ने यजमान डॉ विकास शांडिल्य, डॉ तन्वी शांडिल्य, राजेंद्र गुप्ता, मंजू गुप्ता, विनोद सोनी, रमा सोनी एवं संस्थान के सभी सदस्यों द्वारा गौ पूजन कर गौ सवामणी का आयोजन किया गया।

संस्था के प्रधान महेन्द्र नूनीवाला ने बताया कि हिंदू धर्म में गाय को मां के समान माना गया है जिनकी सेवा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार गाय के शरीर में तीनों लोको के देवी-देवता निवास करते हैं। यही कारण है कि भगवान श्रीकृष्ण को गाय से बहुत ज्यादा लगाव था। मान्यता है कि जिस स्थान पर गाय रहती है, वहां नकारात्मक उर्जा फटक भी नहीं पाती है और वहां के सभी दोष दूर हो जाते हैं। सनातन परंपरा में गाय से जुड़ी सभी चीजें जैसे दूध, दही, घी, गोमूत्र, गोबर आदि का पूजा के लिए प्रयोग अत्यंत ही शुभ माना गया है।



नारनौल। गौ सवामणी में हिस्सा लेते श्रद्धालु। फोटो :हरिभमि

### गाय का ज्योतिषीय में भी महत्व

आचार्य बजरंग शास्त्री ने बताया कि गाय की पूजा एवं सेवा का न सिर्फ धार्मिक बल्कि ज्योतिषीय महत्व भी है। मौके पर राजकुमार यादव एडवोकेट ने बताया कि गाय कें शरीर मे सभी देवताओं का वास होता हैं उन्होने बताया की गाय की सेवा करने से मनुष्य के सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। गौ सेवा व दान पुण्य करने से विशेष फल की प्राप्ति होती हैं। इस मौकेर पर विनोद, जोगेंद्र अग्रवाल, कृष्ण गुप्ता, संस्था के उप प्रधान सुरेश शर्मा, डॉ विकास शांडिल्य, विनोद सोनी, जोगेन्दर अग्रवाल, महेंद्र नुनीवाला, राजेंद्र गुप्ता, कृष्ण गुप्ता संजय सैनी, विपिन अग्रवाल, सुरेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, एडवोकेट राजकुमार चौधरी, राजकुमार, सुरेन्द्र गोयल, संजय सैनी, कमल बंसल, सोमदेव शर्मा, कैप्टन अरविन्द शर्मा, राजेश लखेरा, मोनिका शर्मा, मंजू शर्मा, लीलावती, अनुराधा नुनीवाला, पिंकी बंसल, गोमती बोहरा,जया अग्रवाल आदि गो भक्त उपस्थित रहे।

### महिला आईटीआई की छात्राओं को पढ़ाया नैतिकता का पाठ

**नारनौल।** महिला आईटीआई में नर नारायण सेवा समिति की ओर से नैतिक मानवता पर संदेश एवं चर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता नर नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष रामसिंह मधुर ने कहा कि मानव शक्तियों एवं गुणों का केंद्र है। गुणों को विकसित करना ही शिक्षा है। शिक्षा से जीवन का विकास तथा जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है। शिक्षा से सरलता, शीतलता, सभ्यता, सदाचारिता, चारित्रता, सेवाभाव, सामूहिक नम्रता आदि गुणों को विस्तार से समझाया गया। उन्होंने कहा कि हमें दुर्गुणों से दूर रहना चाहिए तथा इनका त्याग करना चाहिए। संस्कार बिगड़ने के कारण मोबाइल, डीजे, गंदे गाने, गलत लोगों से संगत, अज्ञानता, बिना समझे जाने से जीवन गर्त में चल जाता है। माता–पिता परिवार को पता भी नहीं चलता। अध्यक्षता प्रिंसिपल जितेंद्र कौशिक ने की। मंच संचालन सरोज कुमारी ने किया। कार्यक्रम में संतोष बाई, सुंदर कुमारी, अतुल कुमार, अजय कुमार, प्रदीप कुमार व आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### स्लम एरिया टैलेंट संस्था ने पंछियों के पानी के लिए 500 सकोरे लगाने की मुहिम में एक और कदम



**नारनौल।** संस्था स्लम एरिया टैलेंट की पंछियों के पानी के लिए 500 सिकोरे लगाने की मुहिम में अब समाजसेवियों का भी साथ मिलने लगा है। संस्था के इस नेक संकल्प को देखते हुए रविवार संस्था के साथ मिलकर पूर्व वरिष्ट भू वज्ञानिक वासु देव यादव, समाजसेवी शंकर लाल सोनी, युवा समाजसेवी शुभम सोनी, शिव कुमार मित्तल और सुरेंद्र जैन ने पंछियो के लिए पानी के सकोरे रखे। इस दौरान वासु देव ने बताया कि स्लम एरिया टैलेंट द्वारा बहुत नेक काम किया जा रहा है। शंकर लाल सोनी ने बताया कि स्लम एरिया टैलेंट द्वारा लगातार बच्चों का मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक रुक से विकास किया जा रहा है। मौके पर हनी गुप्ता, कविता सैनी, मनीषा महावर और स्लम एरिया टैलेंट के बच्चें मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### पौधरोपण से जन्मदिन मनाएंगे संस्था के सदस्य

रेवाड़ी। लावण्या फाउंडेशन की जिला इकाई ने पर्यावरण संरक्षण के तहत नई पहल शुरू करते हुए संस्था के सदस्यों के जन्मदिन पर 11 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। फाउंडेशन के प्रधान दीपक ने बताया कि संस्था के सदस्य होटल कैफे इत्यादि पर जाकर बर्थडे पार्टी सेलिब्रेट करने की बजाय यह निर्णय लिया गया है कि वह अब अपने जन्मदिन के अवसर पर जिले के सार्वजनिक स्थल पर निशुल्क पौधारोपण करेंगे। उन पौधों की देखरेख करने का भी जिम्मा भी उन्हीं के कंधों पर होगा। संस्था उपप्रधान संगीता ने बताया यह मुहिम शुरू कर लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। उनका कहना है कि वो पर्यावरण को बचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। संस्था के प्रधान दीपक व उपप्रधान संगीता ने ड्राइवरों व आम राहगीरों के साथ पौधारोपण कर अपना जन्मदिन मनाया। पौधारोपण के अवसर पर सुमित अरोड़ा, अनुराधा सैनी, हेमा गुप्ता, कृपा जेमनी, पारीसा शर्मा, डा. कविता गुप्ता, श्रेया गुप्ता, जयमाला कौशिक, सुमन चौहान, डिम्पल गुप्ता ने अपना योगदान दिया।

### कल यूपीएससी में चयनित अंकित का होगा सम्मान

रेवाड़ी। सेवा स्तंभ की बैठक जिला कार्यालय डा. बीआर अंबेडकर पार्क एवं लाइब्रेरी में भगत सिंह सांभरिया की अध्यक्षता में हुई। जिला प्रधान ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हाल ही में यूपीएससी में चयनित आईएएस अंकित बलवाड़ी का सेवा स्तंभ व हजरस की ओर से अभिनंदन समारोह सेवा स्तंभ के जिला कार्यालय में 6 मई को शाम चार बजे किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण एसडीएम फिरोजपुर झिरका उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान भगत सिंह सांभरिया करेंगे। इस कार्यक्रम में सभी सामाजिक संगठन आमंत्रित हैं।

## शहर में बने जाम जैसे हालात, जिले में बनाए गए थे 12 परीक्षा केंद्र

# नीट यूजी परीक्षा में बैठे 98.4 फीसदी परीक्षार्थी, 62 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से रविवार को आयोजित नीट की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा में लगभग 98.4 फीसदी अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 62 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा देने के लिए वाहनों से पहुंचे आवेदकों के कारण शहर में जाम जैसे हालात बने रहे। जाम खुलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को कड़ी मशक्त करनी पड़ी।

सुबह से ही परीक्षार्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। शहर में ट्रैफिक का दबाव बढ़ने के कारण 11 बजे के आसपास नाईवाली चौक पर जाम जैसे हालात बन गए। वाहनों की लंबी कतारें लग गइंं। सीनियर सैकेंडरी स्कूल के आसपास पार्किंग नहीं होने कारण वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए गए, जिससे सड़क पर जाम लगा रहा।

जिले में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर 3840 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, परंतु 3778 अभ्यर्थी ही परीक्षा दे पाए। 62 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान डीसी अभिषेक मीणा और एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने लगभग सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा इंतजाम चेक किए। बावल में पहली बार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। शाम के समय परीक्षा संपन्न होने के बाद भी वाहनों की लंबी लाइनें लग गइंं। जाम की आशंका को देखते हुए एसपी ने पहले ही अतिरिक्त ट्रैफिक पुसिकर्मियों की तैनाती की हुई थी।




रेवाड़ी। शहर में उमड़ी वाहनों की भीड़ तथा केंद्र में प्रवेश करने के लिए लगी लाइन। फोटो : हरिभूमि

### पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई परीक्षाः उपायुक्त

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि नीट परीक्षा के लिए जिला में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए।उन्होंने बताया कि नीट परीक्षा को पारदर्शी व सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए एनटीए द्वारा जारी गाईडलाइन की पालना करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी की गई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए गए थे। उन्होंने बताया कि जिला सचिवालय सभागार में स्थापित किए गए कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केन्द्रों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्षम अधिकारियों को बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से सभी सेंटरों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। परीक्षा केंद्र में छात्र-छात्राओं को एडमिट कार्ड देख कर ही अंदर प्रवेश करने की अनुमति दी गई।

### इन स्थानों पर बनाए गए थे सेंटर

जिले में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरावडा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी, पीएमश्री एसएमआर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिठवाना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूढ़पुर, पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोकलगढ़, राजकीय एफएलटीएमएसबीपी कन्या महाविद्यालय रेवाड़ी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहारनवास, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रेवाड़ी, राजकीय तकनीकी संस्थान लीसाना, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल में ये सेंटर स्थापित किए गए थे। इनमें किसी बाहरी तत्व को नहीं जाने दिया। सेंटरों के आसपास धारा 163 लगाई गई थी। प्रशासन की ओर से पारदर्शी तथा शांत माहौल में नीट की परीक्षा आयोजित की गई।




रेवाड़ी। परीक्षा केंद्र के गेट पर मौजूद परीक्षार्थी तथा केंद्र का निरीक्षण करने के बाद बाहर निकते डीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। गिरफ्तार किया गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

## हत्या के प्रयास मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गत वर्ष अगस्त माह में गुर्जर माजरी में एक व्यक्ति पर फायरिंग करते हुए हत्या का प्रयास करने के मामले में बावल थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग व तीन आरोपियों को पुलिस ने वारदात के बाद गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस शिकायत में गुर्जर माजरी निवासी सुरेंद्र ने बताया था कि 17 अगस्त को वह अपनी कार से मंगलेश्वर गांव जा रहा था। जब वह मंगलेश्वर बस स्टैंड पर पहुंचा तो एक वैगन-आर कार उसकी गाड़ी के आगे लगा दी। कार में योगेंद्र, आकाश, मित्रसेन व राजेश आदि बैठे हुए थे। उसने अपनी कार बैक की तथा वापस अपने घर की ओर चल दिया। उसने आरोप लगाया था कि कार में सवार लोग पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने हथियार निकालकर फायरिंग करते हुए धमकी दी कि कोर्ट में चल रहा केस वापस नहीं लिया तो उसे जान से मार दिया जाएगा। चार गोलियां चलाने के बाद आरोपी वहां से भाग गए। बावल पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने राजस्थान के मालपुरा निवासी प्रदीप को इस मामले में गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### बाइक चोरी का आरोपी पांच साल बाद काबू

रेवाड़ी। मॉडल टाउन पुलिस ने नेहरू पार्क के पास वर्ष 2020 में चोरी बाइक के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की गई है। सेक्टर-3 पुलिस चौकी को 25 दिसंबर 2020 को दर्ज शिकायत में महेंद्रगढ़ के कनीना निवासी अनिल कुमार ने बताया था कि वह निजी कार्य से बाइक लेकर रेवाड़ी आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह पार्क में आराम करने के लिए बैठ गया। जब वह पार्क से बाहर निकला तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद बाइक बरामद कर ली।

## माखन खाने पर भी खूब हुई चर्चा

# भगवान कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था के तत्वाधान में प्रेरणादायक कार्यक्रम 'भगवान श्रीकृष्ण से सीखें-जीने की कला' का आयोजन पंजाबी धर्मशाला पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव विधायक, नई दिशा युवा मंच के अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जेल की काल-कोठरी में हुआ। जन्म लेते ही माता-पिता दूर हो गये।

बालपन में ही राक्षसी पूतना, अघासुर, बकासुर जैसे राक्षस मारने आ पहुंचे। लेकिन इन सभी विपत्तियों के बावजूद कान्हा जी मस्ती से माखन खा रहे हैं, बंसी बजा रहे हैं, गाएं चरा रहे हैं। यमुना नदी में जब कालिया नाग आ कर रहने लगा तो गेंद लेने के बहाने पानी के अंदर पहुंच गए। नाग ने उन्हें अपने फनों से डसने का प्रयास किया लेकिन कृष्ण कन्हैया उसके विष का मर्दन करते हुए उसके फनों पर नृत्य करते हुए बाहर आ गए। विपरीत परिस्थितियों में जीवन का आनंद लेने को ही जीने की कला कहते हैं।

संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता, बलबीर अग्रवाल, प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव व राष्ट्रीय व्यापार सेवा महासंघ के जिला प्रधान दीपेश भार्गव ने कहा कि कृष्ण कन्हैया पर्यावरण के प्रति बेहद जागरूक रहे। हम देखते हैं कि उनकी अधिकतर लीला हरे भरे वन क्षेत्र में हुई। महिला प्रधान निशा सीकरी, महिला संयोजक शशि जुनेजा, शिक्षाविद मधु गुप्ता व पूर्व नगर प्रधान सुचित्रा चांदना ने कहा कि कृष्ण भगवान की सुंदर बाल लीला को देखते हुए सभी मातायें अपने बालक को कान्हा जी कहकर बुलाती है। कार्यक्रम की सफलता के लिए सुदर्शन मेहंदीरत्ता, पुरुषोत्तम नंदवानी, कपिल कपूर, सोनिया कपूर, प्रीति, हिमांशु पिपलानी, जूही, विनोद गोयल व साथियों ने सहयोग किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम मौजूद अतिथि व संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने झज्जर रोड मीट मार्केट के पास नशीला पदार्थ गांजा बेचने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जेलदार बिल्डिंग में किराए के कमरे में रहने वाला संघी का बास निवासी आशीष कुमार नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह मीट मार्केट के पास नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने टीम बनाकर मीट मार्केट के पास दबिश दी। वहां खड़े एक युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम आशीष बताया। पुलिस ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट बुलाकर उसकी तलाशी तो उसके कब्जे से 44 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को मौके पर ही काबू करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## श्री गणेश पूजन एवं महायज्ञ के साथ हुआ मां पीतांबरा बगलामुखी जन्मोत्सव का आगाज

- पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल मुख्य यजमान समाजसेवी अमित यादव के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

मोहल्ला चौधरीवाडा स्थित महात्मा शीतलदास सत्संग भवन शनिवार से शुरू हुए मां पीतांबरा बगलामुखी जन्मोत्सव का आगाज श्री गणेश पूजन एवं महायज्ञ के साथ हुआ। तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल के अलावा मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी अमित यादव, मुकेश शर्मा, कमल सैनी, दिनेश सैनी, प्रतीक कौशिक, नंदलाल, महिपाल सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सपत्नीक यज्ञ में आहुति दी। सत्संग भवन के महंत दुगार्दास के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को सुबह पूजन के उपरांत 11108 जलधारा अभिषेक किया गया। सत्संग भवन के महंत दुगार्दास महाराज ने बताया कि मध्यप्रदेश के दतिया में स्थापित मां बगुलामुखी सिद्धपीठ के बाद पिछले 8 सालों से रेवाड़ी के सत्संग भवन में भी देवी बगलामुखी की प्रतिमा स्थापित कराई गई है, जहां प्रतिदिन सुबह शाम भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में मां बगुलामुखी के प्रति आस्था को बढ़ाना तथा उन्हें आने वाले कष्टों से छुटकारा दिलाना है।




रेवाड़ी। यज्ञ में आहुति डालते हुए यजमान व श्योलोच्चारण करते हुए महंत।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को, सहमति से कराया जाएगा मामलों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 10 मई को न्यायिक परिसर रेवाड़ी, बावल व कोसली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आम नागरिक आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मामले का निपटारा करवा सकते हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अमित वर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन, मोटर व्हीकल एक्सीडेंट, एनडीपीएस एक्ट, फौजदारी, दीवानी, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करवा सकता है। अमित वर्मा ने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद को निपटाया जाता है। लोक अदालत में वादी को शीघ्र व सुलभ न्याय मिलता है। कोई निर्धन परिवार है तो निः शुल्क सहायता मिलेगी।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए सत्यापन 7 को

रेवाड़ी। कृषि यंत्रों पर एक लाख रुपये तक का अनुदान उपलब्ध कराने के लिए यंत्रों का भौतिक सत्यापन 7 मई को जिला स्तरीय कमेटी करेगी। इस दिन खंड कृषि कार्यालय जाटूसाना और रेवाड़ी किसान भवन में भौतिक सत्यापन होगा।

सहायक कृषि अभियन्ता दिनेश शर्मा ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की आरकेवीवाई स्कीम वर्ष 2024-25 के फसल अवशेष प्रबन्धन घटक के तहत सुपर सीडर व बेलिंग यूनिट कृषि यन्त्रों पर किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराने के लिए गत वर्ष 4 अगस्त तक विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। जिसके उपरान्त इन किसानों के कृषि यन्त्रों की 70 प्रतिशत अनुदान राशी भौतिक सत्यापन उपरान्त उनके खातें में डाल दी गई थी।

**प्रतियोगिता** प्रतिभागियों द्वारा विचारोत्तेजक विषयों पर विचारों का जोशीला आदान-प्रदान किया

# जलवायु परिवर्तन पर सैनिक स्कूल में हुआ वाद विवाद, प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किए तार्किक विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल रेवाड़ी में सत्र 2025-26 की सह-शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत समूह अ व ब के लिए अंतरसदनीय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का प्रभारी मुशाहिद हुसैन टीजीटी अंग्रेजी के नेतृत्व में आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग के लिए वाद-विवाद का विषय 'क्या जलवायु परिवर्तन वह कीमत है, जो हमें आधुनिकीकरण के लिए चुकानी होगी' तथा कनिष्ठ वर्ग के लिए विषय क्या रोबोटिक्स, एआई और मशीन लर्निंग भविष्य में मानव श्रम को अप्रचलित बना देंगे, रखा गया। वर्गवार 12-12 प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष-विपक्ष तथा इसके समर्थन-विरोध में उत्कृष्ट वक्तृत्व कौशल और प्रेरक तर्कों की दलीलें प्रस्तुत कर विषय पर मंथन किया। प्रतिभागियों द्वारा विचारोत्तेजक विषयों पर बुद्धिमत्ता और वाक्पटुता भरे विचारों का जोशीला आदान-प्रदान किया।

प्रतिभागियों द्वारा तर्कपूर्ण बहसों, सराहनीय वाक संतुलन और आलोचनात्मक सोच का जीवंत प्रदर्शन करने से वातावरण बौद्धिक ऊर्जा से भर गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में विक्रम सिंह प्राचार्य आरपीएस उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर, उप प्राचार्या विंग कमांडर सुनैना चाहार, प्रशासनिक अधिकारी मेजर जय सिंह राठौड़ एवं वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र सिंह चौहान ने भी शिरकत की।



रेवाड़ी। वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

### वरिष्ठ वर्ग में परेरा सदन ने मारी बाजी

अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता वरिष्ठ वर्ग में कैडेट माधवी कक्षा दसवीं, परेरा सदन, कैडेट देव कक्षा दसवीं, कटारी सदन व आयुष सैनी कक्षा दसवीं,कटारी सदन तथा कैडेट हिमांशु कक्षा ग्यारहवीं, परेरा सदन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कनिष्ठ वर्ग में कैडेट पार्थ कक्षा आठवीं, कटारी सदन, कैडेट हीरल महलान कक्षा सातवीं, कटारी सदन तथा कैडेट नीतिल सिंगरौल कक्षा सातवीं, अर्जन सदन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। संयुक्त परिणामों के आधार पर कटारी सदन विजेता रहा। परिणामों की औपचारिक घोषणा निर्णायक मंडल में से वर्गवार सत्यपाल यादव ने की। प्रतियोगिता के छात्र अध्यक्ष कैडेट आर्यन व कैडेट उज्ज्वल रहे। मंच संचालन कैडेट हर्ष दायमा व कैडेट सक्षम गुप्ता ने किया, वहीं कार्यक्रम छात्र प्रभारी कैडेट शशि शेखर रहे।